एक नजर में

सीजीडी के बुनियादी ढांचे के विकास संबंधी बैठक आज

भोपाल. संभागायुक्त संजीव सिंह की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत शहरी गैस वितरण (सीजीडी) के बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में आवश्यक गतिविधियों का समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने के संबंध में सोमवार को 4.30 बजे आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है. संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव ने बताया कि बैठक में कलेक्टर भोपाल, आयुक्त, नगर पालिक निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस, जिला वनमण्डलाधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

अंतिम चरण में भवन की शिफ्टिंग का काम

भोपाल. नगर निगम के नए आठ मंजिला मुख्यालय भवन में शिफ्टिंग का काम अंतिम चरण में चल रहा है, लेकिन नए भवन में अभी भी बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है. ऐसे में निगम प्रशासन अब सुविधाओं की पूर्ति करने में लगा हुआ है. नए भवन में तेज रोशनी के लिए अभी भी लाइट और पानी की व्यवस्था नहीं की गई है. मुख्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए निगम प्रशासन ने अब बजट जारी कर दिया है. निगम ने इसके लिए टेंडर जारी किए हैं. करीब 18.50 लाख रुपये की लागत से निगम नए भवन में बिजली और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराएगा.

गेहूं तुलाई के लिए किसानों को मिल रही तारीख पर तारीख

फैक्ट फाइल

- आंधी और बारिश ने बढ़ाई चिंता
- खुले में रखी है किसानों की फसल
- किसानों पर पड़ेगी ब्याज की मार

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 05 अप्रैल. राजधानी में गेहूं तुलाई की तारीख पर तारीख बढ़ती जा रही है, जिससे किसान परेशान हो रहे हैं.

मार्च माह के अंतिम सप्ताह से गेहूं की फसल कटना शुरू हो गई थी. अधिकतर किसानों का लाखों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है. वर्तमान में पिछले एक सप्ताह से बादल छाए हुए हैं, कहीं-कहीं तो हल्की बारिश भी हो चुकी है. किसानों को आंधी और बारिश का डर बना हुआ है. शादी का सीजन भी शुरू होने जा रहा है. कई किसानों के घरों में शादी होना है, लेकिन पैसे के अभाव में तैयारियां अधूरी हैं. वहीं इस बार सोसायटी में किसानों से पैसे जमा करवाने के लिए 31 मार्च की जगह 28 मार्च का समय कर दिया था. अब किसानों से सोसायटी के द्वारा लगभग 12 प्रतिशत ब्याज लिया जाएगा.

फसल व्यापारी को बेचने से हो रहा घाटा

प्रदेश सरकार ने इस बार किसानों के लिए समर्थन मूल्य के साथ बोनस का भी प्रावधान रखा है. किसान शासन को गेहूं बेचेगा तो उसे 2585 बोनस 40 रुपए के साथ 2,615 रुपए प्रति क्विंटल से भाव मिलेगा. वहीं मंडी में वर्तमान में लगभग 2,230 रुपए क्विंटल की दर से व्यापारी खरीद रहे हैं, जिससे किसान को लगभग चार सौ रुपए का नुकसान हो रहा है.

तुलाई केंद्रों पर व्यवस्थाएं अधूरी

इस वजह से तीन बार तुलाई की तारीख बढ़ाई गई है. तुलाई केंद्रों पर अभी कोई तैयारी नहीं है. ना कांटे लगाए गए हैं और ना ही टेंट और पानी की व्यवस्था की गई है.

> पांच मई की शादी है. गेहूं की फसल अभी बिकी नहीं है. पैसे के अभाव में सभी कार्य रूके हुए हैं.
> **- नवल किशोर पटेल, किसान, ग्राम नाथू बरखेड़ा**
>
> शासन लगातार तुलाई की तारीख बढ़ा रहा है. मेरे पास 800 क्विंटल गेहूं हुआ है, जो खुले में रखा हुआ है. तहसीलदार से पूछा गया तो बताया कि अभी समय लगेगा, वारदाना नहीं है.
> **- नरेश दांगी, किसान, ग्राम खजूरिया रामदास, बैरसिया**
>
> तुलाई के लिए कांटे नहीं लगे हैं. फसल रखने की जगह नहीं है. आए दिन मौसम खराब हो रहा है. किसानों के यहां शादी भी आ गई हैं. रुपए हैं नहीं कैसे शादी की व्यवस्था करे.
> **- खेलन सिंह दरबार, ग्राम हरवलिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोपाल**
>
> सरकार की अव्यवस्थाओं से हमें परेशानी हो रही है. गेहूं खुले में रखा हुआ है. बारिश होने का भय है. अगर बारिश हो गई तो हमें लाखों रुपये का नुकसान होगा.
> **- अशोक पाटीदार, किसान ग्राम कलखेड़ा**
>
> शासन के द्वारा गेहूं की फसल तुलाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख तय की गई है, गेहूं की फसल का समर्थन मूल्य 2585 और बोनस 40 रुपए तय किया गया है.
> **- चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति अधिकारी भोपाल**

नर्सिंग होम एसोसिएशन की बैठक आयोजित

एसोसिएशन की आगामी रणनीतियों पर भी हुई चर्चा

नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा

डॉ. संजय गुप्ता को किया अध्यक्ष नियुक्त

भोपाल, 05 अप्रैल. मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एंड हॉस्पिटल एसोसिएशन के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. संजय गुप्ता का चयन किया गया है. वे पूर्व अध्यक्ष डॉ. रणधीर सिंह की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे.

इस अवसर पर रविवार शाम 7 बजे होटल में एसोसिएशन की एनुअल मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई. डॉ. गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल का रोडमैप भी पेश किया. उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ और मरीजों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहेगा. उनका मानना है कि जब मरीज और अस्पताल के बीच भरोसा मजबूत होगा, तो इलाज के परिणाम भी बेहतर होंगे. उन्होंने कहा कि मरीजों का विश्वास बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और सही जानकारी देना बेहद जरूरी है. इससे मरीज डॉक्टर की सलाह को गंभीरता से लेंगे और इलाज से जुड़े निर्देशों का पालन बेहतर तरीके से करेंगे.

इसका सीधा असर रोग की रोकथाम और उपचार की सफलता पर पड़ेगा. डॉ. गुप्ता के अनुसार, कई बार संवाद की कमी के कारण अस्पतालों को लेकर नकारात्मक धारणा बनती है. यदि इस अंतर को दूर किया जाए, तो ऐसी स्थितियों में कमी लाई जा सकती है. मीटिंग में एसोसिएशन की आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा हुई.

अवैध रिफिलिंग को रोकने चला अभियान

एक दर्जन क्षेत्रों में दुकानों की होगी जांच

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 05 अप्रैल. शहर में जहां कालाबाजारी के लिए प्रशासन ने सभी एसडीएम को एजेंसियों के जांच करने के निर्देश दिए हैं. इसी के साथ अवैध रिफिलिंग पर निगरानी रखी जा रही है.

राजधानी में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को रोकने जिला खाद्य नियंत्रक के नेतृत्व में रविवार अवकाश के दिन जांच अभियान चला. अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम को जहांगीराबाद, बुधवारा, मंगलवारा, इतवारा सहित अन्य स्थानों पर गैस रिफिलिंग की शिकायतें मिली थीं, लेकिन इनमें से कहीं अवैध रिफिलिंग होती नहीं मिली. जहांगीराबाद की दुकान बंद मिली. ऐसे में अवैध गैस रिफिलिंग करने वाले दुकान संचालक पर कार्रवाई नहीं हो सकी. वहीं बुधवारा, इतवारा, मंगलवारा समेत जिन स्थानों पर टीम पहुंची, वहां भी अवैध रिफलिंग होती नहीं नहीं दिखी. पुराने शहर के बाजार रविवार को बंद रहने से गैस चूल्हा की दुकानें बंद रहीं. इसके अलावा संत हिरदाराम नगर, भेल, कोलार, अयोध्या बायपास, अवधपुरी, मिसरोद, कोटरा सुल्तानाबाद, नेहरू नगर, रोशनपुरा, न्यू मार्केट, जवाहर चौक, पीएंडटी, माता मंदिर, सेकंड नंबर बस स्टॉप, पांच नंबर, शिवाजी नगर, सात, 10, 11, 12 नंबर की दुकानों पर भी टीम गई, लेकिन अवैध रिफिलिंग नहीं होने से टीम के सदस्यों को वापस लौटना पड़ा.

जिला प्रशासन के आदेश के बाद शनिवार को जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों ने एजेंसियों पर निरीक्षण किया और उन पर वितरण को लेकर पूरी जानकारी ली. वहीं करीब एक दर्जन गैस एजेंसियों की पांच बिन्दुओं जैसे सिलेंडरों का भंडारण करना, गैस रिफिलिंग करना,अधिक दाम पर सिलेंडर बेचने, सिलेंडर में कम गैस देना, पेंडिंग बुकिंग को खत्म करने के लिए जांच की थी. इसकी रिपोर्ट कलेक्टर कौशलेंद्र क्रिम सिंह को भेजी थी.

एसीएस की बैठक आज

जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया किआइल कंपनियों से आज एसीएस की बैठक होगी बैठक में तीनों ऑइल कंपनियों के अधिकारियों से गैस और पेट्रोल की पेनिक को दूर करने और जनता को बुकिंग में हो रही सर्वर की परेशानी से राहत दिलाने पर चर्चा की जाएगी.

राजधानी में 5 दिन के अंदर मिलेगा पीएनजी कनेक्शन

- रेसीडेंसियल कैम्पस-होस्टल में जल्दी देंगे कनेक्शन
- 1800-5727-107 पर करें संपर्क

भोपाल, 05 अप्रैल. प्रदेश में आवेदन करने के बाद 5 दिन में पीएनजी कनेक्शन मिलेंगे. रेसीडेंसियल कैंपस, स्कूल, हॉस्टल, कॉलेज, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी केंद्रों में जल्दी कनेक्शन दिए जाएंगे.

जिन क्षेत्र में पीएनजी लाइन बिछ चुकी है, लेकिन कनेक्शन नहीं लिया तो अगले 3 महीने के भीतर एलपीजी कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा. पीएनजी कनेक्शन देने के लिए खाद्य विभाग ने कंट्रोल रूम भी बनाए हैं. जहां पर कनेक्शन के लिए इन्क्वायरी की जा सकेगी. भोपाल के रहवासी पीएनजी कनेक्शन के लिए नंबर 1800-5727-107 पर संपर्क कर सकते हैं. सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाएं अगले 3 महीने में दिए जाने वाले पीएनजी कनेक्शन का टारगेट तय करेगी. हर रोज किए जा रहे आवेदन और उन पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी मानीटरिंग भी संस्थाएं करेंगी. सीजीडी संस्थाएं पीएनजी के लाभ एवं कनेक्शन की प्रक्रिया से संबंधित एफएक्यू तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल सीजीडी संस्था थिंक गैस को दिए गए हैं. भारत सरकार के गतिशक्ति पोर्टल पर सीजीडी संस्थाओं को पाइप लाइन अपलोड करने को कहा गया है. ये जिलेवार एवं लोकेलिटीवाइज कैम्प शेड्यूल कर जिला प्रशासन एवं विभाग को उपलब्ध कराएंगी. शहर के जिन स्थानों में पाइप-लाइन गई है, उसके आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करेगी. पीएनजी कनेक्शन नहीं लेने पर अगले 3 महीने में एलपीजी कनेक्शन बंद किया जा सकता है. केंद्र सरकार के निर्देश के बाद पीएनजी कनेक्शन प्रदाय करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,पीडब्ल्यूडी और मप्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा सीजीडी संस्थाओं को उनके आवेदन करने के 24 घंटे में पाइप-लाइन बिछाने की आरओयू अनुमति दिए जाएंगे.

प्रदेश में 10 पीएनजी संस्थाएं

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन में प्रदेश में कार्यरत 10 संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता बढ़ाने को कहा गया है. इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं. जहां घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं की मांग, उनकी शिकायत को तत्काल दूर किया जाएगा. कलेक्टर, एडीएम भी कनेक्शन को लेकर लोगों को प्रेरित करेंगे.

डायल-112 ने जहर खाने वाले की जान बचाई

विशेष संवाददाता

भोपाल, 05 अप्रैल. नीमच जिले में डायल-112 टीम की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से जहरीला पदार्थ सेवन करने वाले 35 वर्षीय व्यक्ति को समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई. यह घटना 4 अप्रैल को बघाना थाना क्षेत्र के सोनियाना गांव में हुई.

राज्य स्तरीय पुलिस नियंत्रण कक्ष, भोपाल को सूचना मिलते ही डायल-112 की प्रथम प्रतिक्रिया वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. मौके पर पहुंचकर आरक्षक कैलाश मालवीय और वाहन चालक अर्जुन ने पाया कि अज्ञात कारणों से व्यक्ति ने आत्महत्या के उद्देश्य से जहर का सेवन किया था.

- समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया
- डायल-112 सेवा की त्वरित सहायता का उदाहरण है

> डायल-112 टीम ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ित को तुरंत जिला चिकित्सालय नीमच पहुंचाया, जहां उसे समय पर उपचार मिला. यह कार्रवाई पुलिस की जनसुरक्षा और आपात सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड दिखाएगा उन्नत सुरक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

भोपाल, 05 अप्रैल. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड द्वारा 6 अप्रैल, सोमवार को प्रातः 9 बजे जहांगीराबाद स्थित लाल परेड ग्राउंड में समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित होगा. इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

कार्यक्रम के दौरान आधुनिक सुरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा. इसमें एमआई-17 हेलीकॉप्टर से रस्सी के माध्यम से उतरने का अभ्यास, भवन में प्रवेश, घर के भीतर कार्रवाई, अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा, श्वान दल द्वारा विस्फोटक की पहचान, बम निष्क्रियकरण, बिना चालक वाले यंत्रों के खिलाफ प्रणाली तथा पानी के भीतर गोताखोरी का प्रदर्शन शामिल रहेगा. इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा सहित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे.

09 बजे लाल परेड मैदान में होगा कार्यक्रम

सोशल मीडिया पर बने फ्रेंड ने किया 12वीं की छात्रा से रेप

दोनों बीते तीन महीने से रिलेशन में थे

भोपाल, 05 अप्रैल. कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाली 12वीं छात्रा के साथ रेप की घटना सामने आई है. वारदात को सोशल मीडिया ऐप के फ्रेंड ने अंजाम दिया है. दोनों बीते तीन महीने से रिलेशन में थे.

रात को थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया है. 18 वर्षीय युवती स्कूली छात्रा है. जबकि आरोपी आकाश ठाकुर ढाबे पर खाना बनाने का काम करता है. दोनों के बीच सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से दोस्ती हुई थी. पहले फोन पर बातचीत हुई और आरोपी युवक ने उसे मिलने के लिए होटल में बुलाया. जहां उसने शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ रेप किया. उसके बाद से वह लगातार पीड़िता का शोषण कर रहा था.

शराब दुकानों की शिफ्टिंग के मामले ने पकड़ा तूल

- अवधपुरी में शराब दुकान का हुआ विरोध
- मंदाकिनी चौराहे, ईंटखेड़ी और सेमराकलां में हो चुके हैं प्रदर्शन

80 फीट रोड स्थित संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग

भोपाल, 05 अप्रैल. राजधानी में शराब दुकानों की शिफ्टिंग के मामले तूल पकड़ रहे हैं. कोलार रोड के मंदाकिनी चौराहे, ईंटखेड़ी और सेमराकलां के बाद अब अवधपुरी में शराब दुकान का विरोध शुरू हो गया है.

रविवार शाम 7 बजे कई लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा कि शराब का ठेका खुलने से इलाके में अपराधिक बढ़ गए हैं. अवधपुरी में ऋषिपुरम् के 80 फीट रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग की गई. इसे लेकर ही स्थानीय रहवासियों ने विरोध-प्रदर्शन किया. उनका कहना था कि दुकान के कारण इलाके का माहौल बिगड़ रहा है और आए दिन आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं. रहवासियों ने बताया कि मोहल्ले के लोग लंबे समय से इस दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं.

उनका कहना है कि शराब दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है. आरोप लगाया कि यहां से गुजरने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती रहती हैं. इसके अलावा झगड़े और अन्य अपराध भी बढ़ गए हैं. जिससे आम लोगों का रहना मुश्किल हो गया है.

लोगों ने करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया. इसके चलते अवधपुरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची. लोगों ने मांग की कि जल्द इस शराब दुकान को हटाया जाए, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके.

मौका ऑनलाइन जमा होंगे आवेदन, जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा

अग्निवीर की भर्ती के लिए 10 तक कर सकते हैं आवेदन

भोपाल, 05 अप्रैल. सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना को जारी की गई है. यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है.

मध्यप्रदेश के अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्थायी



निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे.

सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल से तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल तक कर दी गई. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी.

जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा: भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से तारीख बढ़ाकर 15 जून के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें.

अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारतीय सेना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है. अग्निवीर भर्ती 2026 में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जो आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करते हैं. पात्रता मानदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. अग्निवीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 2026 की विस्तृत पात्रता आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष,शैक्षणिक योग्यता उम्मीदवार का 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है.

> न्यूनतम 45 प्रतिशत कुल अंक तथा प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक राष्ट्रीयता भारतीय नागरिक लिंग पुरुष एवं महिला (पद के अनुसार) इंडियन आर्मी अग्निवीर रिक्रूटमेंट के तहत चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना में आकर्षक वेतन पैकेज और भत्ते प्रदान किए जाएंगे. अग्निवीर भर्ती 2026 के अंतर्गत शुरुआती वेतन लगभग 30,000 प्रति माह होगा, जिसमें समय-समय पर वार्षिक वृद्धि की जाएगी. इसके अलावा अग्निवीरों को जोखिम भत्ता, कठिनाई भत्ता सहित अन्य लागू भत्ते भी मिलेंगे. चार वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने पर एक अग्निवीर को कुल वेतन पैकेज लगभग 6.92 लाख प्राप्त होगा. साथ ही सेवा समाप्ति पर अग्नि वीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को ब्याज सहित लगभग 11.71 लाख की सेवा निधि राशि दी जाएगी.

प्लॉट बना 'कचरा' घर

भोपाल, 05 अप्रैल. राजधानी में नगर निगम की लाख सख्ती से बाद भी खाली प्लॉटों पर कचरा डाला जा रहा है , जिससे क्षेत्र में बदबू और मच्छर बढ़ने की समस्या हो रही है. ये तस्वीर अवधपुरी क्षेत्र में स्थित एक कॉलोनी के प्लॉट की है, जहां कचरा पटा पड़ा है.